# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की एडवांस बुकिंग शुरू, निर्माताओं ने वीडियो साझा कर दी जानकारी



बॉलीवुड अभिनेत्री सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म योद्धा को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा ने संभाली है।करण जौहर ने अपूर्व मेहता और शशांक खेतान के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है।यह फिल्म 15 मार्च को सिनेमाघरों का रुख करने वाली हैं। इससे पहले योद्धा की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है।निर्माताओं ने एक वीडियो साझा कर इस खबर की जानकारी दर्शकों को दी है।

धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें सिद्धार्थ जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।उन्होंने लिखा, अपना पॉपकॉर्न तैयार कर लें क्योंकि उत्साह शुरू होने वाला है। हमारी एक्शन से भरपूर फिल्म बड़े पर्दे पर आने में सिर्फ 2 दिन बचे हैं।इस फिल्म में दिशा पाटनी और राशि खन्ना जैसी अभिनेत्रियां भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।बॉक्स ऑफिस पर योद्धा का सामना अदा शर्मा की फिल्म बस्तर से होगा।

शेरशाह और मिशन मजनू के बाद योद्धा में एक बार फिल्म सिद्धार्थ मल्होत्रा एक्शन करते हुए नजर आएंगे। एक्टर इन दिनों जोर– शोर से फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं।योद्धा काफी इंतजार के बाद थिएटर्स में दस्तक देने जा रही है। अब तक फिल्म की रिलीज डेट में कई बार बदलाव किया जा चुका है। ऐसे में सिद्धार्थ मल्होत्रा के फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म होने वाला है। फिल्म की एडवांस बुकिंग 12 मार्च से शुरू हुए है।भारत में योद्धा के लिए लगभग 204 स्क्रीन्स रखे गए है सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, योद्धा ने पहले दिन के लिए एडवांस बुकिंग में 7098 टिकट बेच ली है। इसके साथ ही फिल्म ने लगभग 14.10 लाख की ग्रॉस कमाई कर ली है। इनमें हिंदी के साथ बाकी सभी भाषाएं शामिल हैं। योद्धा की रिलीज मे काफी फेरबदल करने के बाद अब इसे 15 मार्च, 2024 को रिलीज किया जा रहा है। वहीं, फिल्म पहले 15 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। योद्धा का डायरेक्शन सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है। वहीं, करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी अहम किरदारों में शामिल है। फिल्म में प्लेन हाईजैक की कहानी दिखाई गई है।

# अदा शर्मा की बस्तर की एडवांस बुकिंग शुरू, 15 मार्च को सिनेमाघरों दस्तक देगी फिल्म

बीते साल 2023 में अदा शर्मा ने फिल्म द केरल स्टोरी की जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। डायरेक्टर सुदीप्तो सेन और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की इस मूवी ने कामयाबी का परचम लहराते हुए बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर के दिखाया है।

अब फिल्म बस्तर–द नक्सल स्टोरी के जरिए अदा, सुदीप्तो और विपुल की तिकड़ी एक बार फिर से वापसी करने के लिए तैयार है। मेकर्स की तरफ से अब इस मूवी की टिकटों की एडवांस बुकिंग भी ओपन कर दी गई है, जिसके जरिए आप रिलीज से पहले इस मूवी की टिकटों को आसानी से बुक कर सकते हैं।अदा शर्मा स्टारर बस्तर–द नक्सल स्टोरी को लेकर इस समय में फैंस का जबरदस्त हाइप बना हुआ है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। हर कोई इस मूवी की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।कर्स की तरफ से सोशल मीडिया पर फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर लेटेस्ट अपडेट दिया गया। इस पोस्ट में बताया गया है कि रिलीज से दो दिन पहले बस्तर–द नक्सल स्टोरी की एडवांस बुकिंग की विंडो को ओपन कर दिया गया है और अगर आप भी इस मूवी को देखने के लिए बेताब हैं तो ऑनलाइन जाकर पहले से ही टिकटों की बुकिंग कर सकते हैं।



मालूम हो कि जिस तरह से अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा है, उसके आधार पर बस्तर से काफी उम्मीदें की जा रही हैं। हांलाकि ये फिल्म कैसा प्रदर्शन करेगी ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बस्तर–द नक्सल स्टोरी की रिलीज में अब महज दो दिन का वक्त शेष रह गया है। 15 मार्च 2024 को ये फिल्म बड़े पर्दे पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा के अदा शर्मा की इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस क्लैश होना है।

# कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस का गाना रातों के नजारे जारी, दिखीं तीन दोस्तों की मस्ती



मडगांव एक्सप्रेस का दूसरा गाना रातों के नजारे जारी कर दिया है।इस गाने के बोल कलीम शेख ने लिखा हैं तो वहीं शारिब–तोशी और बेनी दयाल ने मिलकर गाया है।मडगांव एक्सप्रेस में प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु शर्मा जैसे दिग्गज सितारे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।नोरा फतेही भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं, जो फिल्म में रोमांस का तड़का लगाती नजर आएंगी।मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसका निर्माण फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट ने किया है।यह एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।गाने के वीडियो में तीन लोगों को अपने जीवन का आनंद लेते हुए दिखाया गया है।इस ट्रैक में मनमोहक बीट्स के साथ शानदार डांस मूव्स भी शामिल हैं, जिसे विजय गांगुली ने कोरियोग्राफ किया है।इससे पहले फिल्म का ट्रेलर मुंबई में लॉन्च किया गया था। ट्रेलर में बचपन के दोस्तों दिव्येंदु, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की कहानी को दिखाया गया है। कहानी में दिखाया गया है कि कैसे गोवा में लड़के खुद को स्थानीय ड्रग्स गिरोह और पुलिस से जुड़ी परेशानियों के बीच पाते हैं। ढोल, कलयुग, लूटकेस और अन्य फिल्मों में दिखाई देने वाले कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है।

कुणाल खेमू पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।यह उनके निर्देशन में बन रही पहली फिल्म है। फिल्म की कहानी भी खुद कुणाल ने लिखी है।बेबी ब्रिंग इट ऑन (फिल्म का पहला गाना) के बाद अब

# बाक्स आफिस पर छाया अजय देवगन और आर माधवन की शैतान, 5 दिनों में ही बजट से ज्यादा कर ली कमाई

अजय देवगन और आर माधवन की शैतान सुपरनैचुरल फिल्म हैं. काले जादू और वशीकरण पर बनी ये हॉरर थ्रिलर रिलीज के बाद से ही सिनेमाघरों में गर्दा उड़ा रही है. इस फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन शानादर कलेक्शन किया था और इसके बाद वीकेंड पर तो शैतान को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी. इसी के साथ इसने शनिवार और रविवार को छप्परफाड़ कमाई की. हालांकि वीकडेज में शैतान की कमाई में गिरावट देखी जा रही है, चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है गुजराती फिल्म वश की हिंदी रीमेक शैतान के रौंगटे खड़े कर देने वाले ट्रेलर को देखने के बाद से फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद शैतान्च ने अपने काले जादू से बॉक्स ऑफिस को भी अपने वश में कर लिया है. इसी के साथ इस फिल्म को देखने के लिए ऑडियंस भी सिनेमाघरों में खिंची चली आ रही है. फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 14.75 करोड़ की कमाई के साथ दमदार ओपनिंग की थी. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 27.12 फीसदी की तेजी के साथ 18.75 करोड़ की कमाई की.

तीसरे दिन यानी संडे को शैतान ने 9.33 फीसदी के साथ 20.5 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ शैतान्च ने रिलीज के तीन दिनों में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है. वहीं वीकेंड पर तूफानी कलेक्शन करने के बाद शैतान की कमाई वीकडेज आधी से भी कम रह गई है. इस फिल्म ने पहले मंडे को 64.63 फीसदी की गिरावट के साथ 7. 25 करोड़ का कारोबार किया. वहीं अब शैतान की रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक शैतान ने रिलीज के पहले मंगलवार को 6.50 करोड़ की कमाई की है. इसके बाद श्शैतान्च का 5 दिनों का कुल कलेक्शन अब 67.75 करोड़ रुपये हो गया है.



शैतान की कमाई में बेशक वीकडेज में गिरावट देखी जा रही है लेकिन इसने रिलीज के महज पांच दिनों में ही अपने बजट से ज्यादा कमाई कर ली है. दरअसल ये फिल्म 60 से 65 करोड़ के बजट में बनी बताई जा रही है. ऐसे में फिल्म ने 67 करोड़ से ज्यादा कमाई कर अपनी लागत वसूल ली है. अब ये फिल्म मुनाफा कमाने में लग गई है.

वहीं फिल्म जिस रफ्तार से कमाई कर रही है उसे देखते हुए लग रहा है कि शैतान साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बन जाएगी.

# क्रू का धमाकेदार गाना घाघरा हुआ रिलीज, करीना-तब्बू-का1ति ने डांस मूव्स से मचाया तहलका

बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म क्रू में करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू को एक साथ पर्दे पर देखने के लिए दर्शकों बेहद एक्साइटेड हैं. वहीं फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का नया गाना घाघरा रिलीज कर दिया है.

इस धमाकेदार गाने में तीनों हसीनाएं अपने हुस्न का जलवा



बिखेरती नजर आ रही हैं. सोशल मीडिया पर उनका ये गाना खूब वायरल हो रहा है. गाने में तीनों एक्ट्रेसेस क्लब में जमकर पार्टी करती दिखाई दे रही हैं. ऐसा लग रहा है कि ये गाना इस साल का हिट पार्टी सॉन्ग साबित होने वाला है. हाल ही में फिल्म क्रू का टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिले हैं. बता दें कि फिल्म में आपको तीन एयर होस्टेसेज की कहानी देखने को मिलेगी जो अपनी जिंदगी से काफी परेशान है. ये तीनों अपनी लाइफ में कुछ नया और अलग करना चाहती हैं लेकिन वह बार बार उसी सिचुएशन में आ जाती हैं जिससे वह भाग रही हैं. क्रू एक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें करीना, तब्बू और कृति अपनी कॉमेडी से लोगों को गुदगुदाती नजर आएंगी. फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदार में दिखाई देंगे. फिल्म में वह इन तीनों एक्ट्रेसेस के साथ धमाल मचाते हुए नजर आएंगे. राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. बता दें कि फिल्म को अनिल कपूर की बेटी रिया कपूर और एकता कपूर प्रोड्यूस कर रही हैं.

# अंकित गुप्ता के साथ मार्च में शादी करने वाली है प्रियंका चाहर चौधरी, एक्ट्रेस ने खबरों पर किया रिएक्ट



उडारियां में प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता ने अपनी केमिस्ट्री से सभी को प्रभावित किया। उन्हें आज भी तेजो और फतेह के नाम से प्यार किया जाता है। शो के सेट पर वे दोस्त बन गए और उनके रिलेशनशिप में होने की अफवाहें शुरू हो गईं। उडारियां में प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता ने अपनी केमिस्ट्री से सभी को प्रभावित किया। उन्हें आज भी तेजो और फतेह के नाम से प्यार किया जाता है। शो के सेट पर वे दोस्त बन गए और उनके रिलेशनशिप में होने की अफवाहें शुरू हो गईं। उडारियां के बाद, उन्होंने बिग बॉस 16 एक साथ किया। रियलिटी शो में हमने इन्हें एक–दूसरे के करीब आते देखा था। उन्होंने हमेशा कहा है कि वे सबसे अच्छे दोस्त हैं। हमने शो में देखा कि कैसे अंकित और प्रियंका एक–दूसरे के सबसे बड़े सपोर्ट थे और शो के बाद भी हमने उन्हें एक साथ समय बिताते देखा। उनकी तस्वीरें और वीडियो एक साथ उनके करीबी रिश्ते के बारे में बहुत कुछ बयां करते हैं। हालाँकि, इनमें से किसी ने भी रिलेशनशिप में होने की पुष्टि नहीं की है। लेकिन कुछ घंटे पहले ही उनकी शादी की खबरें आने लगीं। जी हां, टाइम्स नाउ के मुताबिक, प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता इस साल शादी करने की सोच रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा था कि उनकी शादी का जश्न नवंबर या दिसंबर में शुरू होगा। हालाँकि, अब इस खबर पर प्रियंका की सबसे मजेदार प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, ष्यह मार्च है!!! लेकिन लगता है कुछ मीडिया पोर्टल्स का अप्रैल फूल जल्दी आ गया। प्रियंका के काम की बात करें तो उन्होंने हाल ही में तुषार कपूर के साथ अपनी वेब सीरीज श्दस जून की रातश की शूटिंग पूरी की है। सीरीज का निर्माण एकता कपूर ने किया है। वह और अंकित एक अन्य प्रोजेक्ट में भी साथ नजर आएंगे। यह भी खबर आई थी कि एकता कपूर के नागिन 7 के लिए प्रियंका चाहर चौधरी को भी अप्रोच किया गया

# घटती कमाई के बावजूद आर्टिकल 370 अब 70 करोड़ से इंचभर दूर



यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है. इस पॉलिटिकल थ्रिलर को क्रिटिक्स और दर्शकों से काफी शानदार रिव्यू मिला. जिसके बाद आर्टिकल 370 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया. फिल्म ने रिलीज के दो हफ्तों में छप्परफाड़ कलेक्शन किया. हालांकि अब रिलीज के तीसरे हफ्ते में आर्टिकल 370 की कमाई लाखों में सिमटती नजर आ रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है आर्टिकल 370 कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने और आतंकवाद के मुद्दे पर बेस्ड फिल्म है. आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही इसका काफी बज बना हुआ था. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक रैली के दौरान फिल्म का जिक्र किया था और कहा था कि इससे लोगों को सही जानकारी मिलगी. इसके बाद तो आर्टिकल 370 को देखने के लिए दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट बढ़ गई थी. वहीं सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फिल्म को ऑडियंस से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला और इसने खूब कलेक्शन किया. ये फिल्म अपने बजट से चार गुना ज्यादा कमाई कर चुकी है.

आर्टिकल 370 के कलेक्शन की बात करें तो 5.9 करोड़ से ओपनिंग करने वाली इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 35. 6 करोड़ कमाए थे. वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 22.3 करोड़ का कलेक्शन किया. रिलीज के तीसरे हफ्ते के थर्ड संडे आर्टिकल 370 ने 3.25 करोड़ की कमाई की. इसके बाद तीसरे सोमवार फिल्म की कमाई में 73.85 फीसदी की गिरावट आई और इसने 85 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल् मकी रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक आर्टिकल 370 ने रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को 95 लाख का कारोबार किया. इसके बाद आर्टिकल 370 का 19 दिनों का कुल कलेक्शन अब 67.35 करोड़ रुपये हो गया है. आर्टिकल 370 को घरेलू बाजार में ही नही वर्ल्डवाइड भी दर्शकों से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है. आर्टिकल 370 की दुनियाभर में कमाई की बात करें तो जियो स्टूडियो द्वारा शेयर किए गए ऑफिशियल नंबर्स के मुताबिक फिल्म ने वर्ल्ड़वाइड 95 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. अब ये 100 करोड़ छूने से इंचभर दूर है.

# लव सेक्स और धोखा 2 में उर्फी जावेद की एंट्री, कर रहीं बिग स्क्रीन डेब्यू

उर्फी जावेद के फैंस के लिए बड़ी खबर है.अतरंगी कपड़े पहनने वाली उर्फी के जल्द ही फिल्म में नजर आएंगी. ये एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 है. इस डिजिटल दुनिया का हिस्सा होने के नाते, उर्फी एक बड़ा एक्साम्पल हैं, जो फिल्म के लिए एक बेस्ट चॉइस हैं. उर्फी सबसे बड़ी आइकन हैं, जो सिर्फ सोशल मीडिया के जरिए पॉपुलर हुई हैं. लव सेक्स और धोखा 2 अपनी कहानी के साथ इंटरनेट के युग में प्यार और रिलेशनशिप की झलक दिखाने वाला है, जो इसके साथ ही शानदार एंटरटेनमेंट देना का वादा भी करता है. इसमें उर्फी जावेद की मौजूदगी इस फिल्म के मनोरंजन को और भी ज्यादा बढ़ा देगा. उर्फी जावेद अपने यूनिक फैशन सेंस और सोशल मीडिया प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं, उन्हें लव सेक्स एंड धोखा 2 में देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं.लव सेक्स और धोखा 2 को एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूसर किया. जबकि इस फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है. यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी. जिसका ऐलान खुद आधिकारिक तौर पर एकता कपूर ने किया है.

उर्फी जावेद इससे पहले भी अपनी एक्टिंग कई टीवी शोज में दिखा चुकी हैं. इन टीवी शोज में साथ फेरों की हेरा फेरी, बेपनाह, डायन, ये रिश्ता क्या कहलाता है, बड़े भैया, ऐ मेरे हमसफर, चंद्र नंदिनी और मेरी दुर्गा शामिल है. हालांकि इन शोज से ज्यादा उर्फी जावेद को अपने अनोखे ड्रेसिंग सेंस से मिली. उर्फी आए दिन अजीबोगरीब कपड़े पहनकर स्पॉट हो जाती हैं तो कभी सोशल मीडिया पर नए लुक की फोटो या वीडियो शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं. फैंस भी उर्फी के इस अतंरगी कपड़ों पर कमेंट करते हैं. खास बात है कि कई सितारे उर्फी के फैशन सेंस की तारीफ भी कर चुके हैं.

# दिशा पाटनी ने सेक्सी आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने यूजर्स के उड़ाए होश

बॉलीवुड की खूबसूरत और बोल्ड अदाकारा में से एक दिशा पाटनी फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस का दिल धड़काती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर स्टनिंग तस्वीरें व वीडियो शेयर किया है जोकि सोशल मीडिया का पारा तेज कर रहे हैं. दिशा पाटनी ने सिल्वर कलर का सेक्सी बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है, लाइट मेकअप के और खुले बालों के साथ पोज के साथ साथ वीडियो में डांस करते भी दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस का इन तस्वीरें व वीडियो में किलर अवतार देख फैंस के होश उड़ गए हैं और वे दिशा की हॉटनेस की तारीफों के पुल बांध रहे हैं. दिशा पाटनी आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चलाती रहती हैं। उनका हर एक अंदाज बेमिसाल है। इन तस्वीरों में दिशा पाटनी कैमरे के सामने कातिलाना निगाहों से कैमरे में पोज देते हुए एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर के और साथ ही नो मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। दिशा पाटनी की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है और एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस को आए दिन अपनी हर एक झलक शेयर कर के ट्रीट देती रहती हैं।

# इलाज में लापरवाही को लेकर मेडिकल कालेज में हंगामा

अंबेडकरनगर 29 मार्च (भि0टा0सं0)। राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भाजपा कार्यकर्ता के इलाज में लापरवाही व ऑपरेशन के नाम पर पैसे मांगने को लेकर बृहस्पतिवार को हंगामा खड़ा हो गया। जिलाध्यक्ष व अन्य पार्टी नेताओं ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य से जानकारी लेनी चाही तो आरोप है कि प्राचार्य ने जिलाध्यक्ष को बाहर करने के लिए गनर बुला लिया। आरोप है कि एक दलित कार्यकर्ता को जाति सूचक शब्दों से भी अपमानित किया। जानकारी मिलते ही बड़ी तादात में पार्टी नेता व कार्यकर्ता मेडिकल कॉलेज पहुंच गए।भाजपा शक्ति केंद्र प्रवासी संतोष सिंह बब्लू का दो दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था। इसमें उनकी हाथ की हड्डी टूट गई। उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। आरोप है कि यहां भर्ती करने के बाद भी ऑपरेशन नहीं किया जा रहा था। जानकारी मिलने पर जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री देव पटेल व वरिष्ठ नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह बृहस्पतिवार शाम मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। यहां इलाज में लापरवाही बरतने को लेकर सभी नेता प्राचार्य के कक्ष में पहुंचे। जहां आरोप है कि उन्होंने वरिष्ठ सर्जन डॉ. जावेद से ऑपरेशन कराने के नाम पर दो लाख रुपये की डिमांड कर डाली। इसी पर भाजपा नेताओं ने आपत्ति जताई। जिसके बाद वहां विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।भाजपा नेताओं ने प्राचार्य पर पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए उनकी टेबल पर तत्काल एक लाख रुपये नकद रख दिए। जिलाध्यक्ष का आरोप है कि प्राचार्य ने इसके बाद अपने गनर को अंदर बुला लिया और उन्हें बाहर निकाल देने को कह दिया। हालांकि कार्यकर्ताओं के पहुंच जाने पर स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए प्राचार्य अपना कक्ष छोड़कर वहां से चले गए। वहां से निकलकर जिला मुख्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने डीएम व एसपी से मुलाकात कर सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उधर जिलाध्यक्ष प्राचार्य को वापस बुलाने और कार्यकर्ता के इलाज की स्थिति स्पष्ट करने को लेकर प्राचार्य के कक्ष में ही बैठे रह गए। शाम साढ़े सात बजे एडीएम डॉ. सदानंद गुप्त व एएसपी पश्चिमी विशाल पांडेय कई थानों की फोर्स के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इसके बाद प्राचार्य को बुलाकर वार्ता शुरू कराई गई। देर शाम तक मेडिकल कॉलेज में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा बना रहा जबकि प्राचार्य कक्ष में वार्ता चलती रही।प्राचार्य डॉ. अमीरुल हसन अंसारी ने कहा कि उन्होंने कोई पैसा नहीं मांगा। सिर्फ यह कहा था कि अगर आयुष्मान कार्ड नहीं बना है तो कुछ सामग्री बाहर से लानी पड़ सकती है। मैने किसी के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया है।मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य के रवैये की खबर मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष साधु वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिलदेव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रमेश गुप्त, अकबरपुर नगर अध्यक्ष शिवपूजन राजभर व टांडा नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल आदि मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। समाचार प्रेषण तक कार्यकर्ताओं के पहुंचने का क्रम जारी था।

# बसखारी सीएचसी में 25 लाख से बनेगा एनआईसीयू

अंबेडकरनगर 29 मार्च (भि0टा0सं0)। जिला अस्पताल के बाद अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में 25 रुपये की लागत से एनआईसीयू (नियोनेटल इंटेन्सिव केयर यूनिट) की स्थापना की जाएगी। ऐसे में गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल व अन्य जिलों में रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब तक सीएचसी में यह सुविधा न होने से नवजात शिशुओं को रेफर करना पड़ता था।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में प्रतिदिन औसतन पांच प्रसव होते हैं। कई बार प्रसव के बाद नवजात शिशु की हालत गंभीर हो जाती है, या समय से पहले पैदा हुए नवजात को इलाज की जरूरत पड़ जाती है। इन हालात में अस्पताल में आधुनिक मशीनें न होने के कारण उन्हें तत्काल जिला अस्पताल या दूसरे जिले रेफर करना पड़ता है। इससे शिशु की जान को तो खतरा होता ही है साथ ही परिजनों को भी नवजात को भर्ती कराने में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है।अब सीएचसी बसखारी में एनआईसीयू बन जाने से जिला अस्पताल जैसी सुविधाएं मिलने लगेंगीं। इस यूनिट में फोटोथेरेपी, वार्मर, इन्क्यूबेटर जैसे अत्याधुनिक उपकरण नवजात के इलाज के लिए मौजूद होंगे। इसके संचालन से 37 सप्ताह से कम समय में पैदा हुए बच्चे व पांच पाउंड से कम वजन वाले बच्चों को यूनिट में रखकर उनकी उचित देखभाल की जाएगी।

इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान दिक्कतों के चलते प्रसव के बाद शिशु को ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। ऐसे में बच्चों का भी इलाज सीएचसी में हो सकेगा। मालूम हो कि सीएचसी में सर्जन के तौर पर डॉ. रजनी सचान जबकि महिला रोग विशेषज्ञ के तौर पर डॉ. पौनमी देव व यूनानी चिकित्सक डॉ. अंजुम आरा की तैनाती है। एनेस्थेटिस्ट के तौर पर डॉ. विजय बहादुर वर्मा कार्यरत हैं। सीएचसी प्रशासन के अनुसार अब जल्द ही नवजात गहन जांच इकाई की स्थापना हो जाएगी। लगभग 25 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक मशीन इस यूनिट में स्थापित होगी।सीएचसी बसखारी में शीघ्र ही यूनिट की स्थापना के बाद एनआईसीयू का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इससे गंभीर बीमारियों से ग्रस्त नवजात का बेहतर ढंग से इलाज हो सकेगा।

# जिले में अब 87 क्रय केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीद

अंबेडकरनगर 29 मार्च (भि0टा0सं0)। गेहूं की खरीद का कार्य अब 84 क्रय केंद्रों के बजाय 87 क्रय केंद्रों पर होगा। किसानों के हित को देखते हुए पांच नए केंद्र बनाए गए हैं। पूर्व में बने पीसीएफ के तीन केंद्र को हटा दिया गया था तो इनके स्थान पर दो नए केंद्र बनाए गए। इसके अलावा पीसीयू के तीन नए केंद्र बनाए गए हैं। जो नए केंद्र बनाए गए हैं वहां सभी जरूरी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध करा दी गई हैं।गेहूं की फसल लगभग तैयार होने के करीब है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से कटाई शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद गेहूं की बिक्री के लिए किसानों का क्रय केंद्र पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मालूम हो कि एक मार्च से खरीद का कार्य जिले में प्रारंभ हुआ। इसके लिए सात एजेंसी के 84 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। हालांकि फसल तैयार न होने के चलते लगभग एक माह का समय पूरा होने के बाद भी एक भी किसान फसल लेकर संबंधित क्रय केंद्र पर नहीं पहुंच सका है।इस बीच किसानों को परेशानी न हो इसे देखते हुए क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ा दी गई है। पूर्व में जहां सात एजेंसी के 84 केंद्र स्थापित किए गए थे तो वहीं अब 87 क्रय केंद्रों पर खरीद की जाएगी। खाद्य एवं विपणन कार्यालय के अनुसार पीसीएफ के पूर्व में बने तीन केंद्रों को हटाकर उनके स्थान पर दो क्रय केंद्र जल्लापुर मसेड़ा व मालीपुर में केंद्र बनाया गया। इसी प्रकार पीसीयू में तीन नए क्रय केंद्र बरियावन, अटवाई शमशुदीनपुर व उतरेधू में नए कय केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा खाद्य एवं विपणन के 25, भारतीय खाद्य निगम के पांच, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ के 40, नेफेड के चार, यूपीसीयू के छह, यूपीएसएस के छह व उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मंडी के एक क्रय केंद्र पर गेहूं की खरीदारी की जाएगी। उधर खाद्य एवं विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि नए क्रय केंद्रों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध करा दी गई हैं।

# ढाई करोड़ से निखरेगा अकबरपुर का राजकीय पार्क

अंबेडकरनगर 29 मार्च (भि0टा0सं0)। अकबरपुर नगर स्थित राजकीय आंबेडकर उद्यान पार्क का लगभग ढाई करोड़ की लागत से सुंदरीकरण कार्य प्रारंभ हो गया है। बाउंड्रीवॉल, साइकिल स्टैंड, झूले समेत अन्य कार्यों के लिए प्रथम किस्त के रूप में लगभग सवा करोड़ रुपये की राशि कार्यदायी संस्था पीआरएसएस को उपलब्ध करा दी गई।अकबरपुर अयोध्या मार्ग पर जिले के एकमात्र राजकीय आंबेडकर पार्क का कायाकल्प होने जा रहा है। शीघ्र ही यह पार्क नए लुक में दिखने लगेगा। मालूम हो कि संबंधित पार्क में वैसे तो लगभग प्रतिदिन ही लोग परिवार के साथ दो पल सुकून से गुजारने व बच्चों के मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं लेकिन किसी खास मौके या फिर पर्व के अवसर पर यहां भीड़ बढ़ जाती है। आने वाले लोगों को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए बीते कुछ समय से लगातार पार्क के सुंदरीकरण का कार्य समय–समय पर होता रहता है।बच्चों के आकर्षण के लिए जहां बीते दिनों ही कई प्रकार के नए झूले लगाए गए थे तो वहीं फव्वारा भी दुरुस्त किया गया था। अब पार्क की व्यवस्था में और भी सुधार किए जाने को लेकर ठोस कदम उठाया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के अनुसार पार्क का दो करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से सुंदरीकरण किए जाने के लिए बीते दिनों ही शासन ने मंजूरी प्रदान की थी। इस राशि से चहारदीवारी, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग निर्माण के अलावा नए प्रकार के झूले व कई अन्य प्रकार के सुंदरीकरण के कार्य होंगे।सुंदरीकरण के कार्य की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था पीआरएसएस को सौंपी गई है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगने वाली आदर्श आचार संहिता से पहले हो कार्यदायी संस्था को प्रथम किस्त के रूप में एक करोड़ 20 लाख रुपये की राशि उपलब्ध करा दी गई। इस बीच जिला उद्यान अधिकारी सुनील तिवारी ने बताया कि पार्क के सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। पार्क में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# टांडा, अकबरपुर, भियांव के प्रभारी चिकित्साधिकारी हुए सम्मानित

अंबेडकरनगर 29 मार्च (भि0टा0सं0)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस सम्मान समारोह के तहत परफार्मेंस अवॉर्ड सैरेमनी का आयोजन कार्यालय के सभागार में हुआ। शुभारंभ जिला मातृ स्वस्थ परामर्शदाता शोभा कुमारी ने पीएमएसएमए पर बताया कि सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का शुभारंभ 2016 में हुआ था, जिसका उद्देश्य मातृ मृत्यु दर में कमी लाना है।कार्यक्रम में बताया गया कि प्रदेश में प्रसव पूर्व देखभाल एवं जटिलता वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान व प्रबन्धन को संस्थापित करने के लिये प्रत्येक माह की नौ तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य इकाइयों पर एमबीबीएस चिकित्सक से गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिन सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर एचआरपी महिलाओं का निरन्तर फालोअप चिकित्सा अधिकारी की ओर से किया जाता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामानंद सिद्धार्थ ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के दिन इस अभियान के तहत प्रत्येक माह की एक, नौ, 16 एवं 21 तारीख को गर्भवती महिलाओं को गर्भ की द्वितीय/तृतीय त्रैमास में राजकीय चिकित्सालयों के प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन कर कम से कम एक बार विशेषज्ञ अथवा एमबीबीएस चिकित्सक की देख–रेख में निरूशुल्क प्रसव पूर्व गुणवत्तापरक जांच एवं उपचार किया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज कुमार ने मातृ मृत्यु का अहम कारण उच्च खतरे वाली गर्भवती महिला की समय से जांच न हो पाना बताया। प्रथम पुरस्कार डॉ दिनेश वर्मा सीएचसी टांडा, द्वितीय पुरस्कार डॉ नूर सीएचसी अकबरपुर एवं तृतीय पुरस्कार डॉ उमेश सीएचसी भियांव को मिला।

## गेहूं खरीद के लिए बढ़ाए गए पांच क्रय केन्द्र

अंबेडकरनगर 29 मार्च (भि0टा0सं0)। किसानों का गेहूं मूल्य समर्थन योजना के तहत क्रय कर लाभान्वित करने के लिए डीएम ने पांच क्रय केन्द्र बढ़ा दिए हैं जिससे अब क्रय केन्द्रों की संख्या बढ़कर 87 हो गई है। डीएफएमओ विनीता मिश्रा ने बताया कि क्रय एजेंसी पीसीएफ को बी पैक्स जल्लापुर मसेढ़ा एवं मालीपुर जबकि पीसीयू को बी पैक्स बरियावन, अटवाई समसुद्दीनपुर और बी पैक्स उतरेथू में संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# साइबर ठगों ने पार किया 93 हजार रुपया

अंबेडकरनगर 29 मार्च (भि0टा0सं0)। आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के जिला महासचिव नबी अहमद साइबर ठगी के शिकार हो गए। टांडा निवासी नबी साइबर क्राइम शाखा में ठगी की शिकायत दर्ज करायी है। कहा है कि 26 मार्च को उनके बैंक खाते व पेटीएम से दो बार में क्रमशरू12 हजार व 81 हजार रुपए निकल गए। जबकि उनके द्वारा न तो किसी को ओटीपी दी गई और न ही कोई खरीदारी या लेनदेन किया किया गया है। उन्हों ने साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई कर 93 हजार रुपए वापस कराने की मांग की है।

# राजद के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी का समर्थन करेगी एआईएमआईएम

पटना 29 मार्च (एजेन्सी)। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहाद–उल मुस्लिमीन(एआईएमआईएम) ने कहा कि वह बाहुबली नेता रहे पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब के प्रति पूरी सहानुभूति रखती है और अगर वह निर्दलीय या किसी अन्य समान विचाराधारा वाले दल के उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ती हैं तो वह उनका समर्थन करेगी। हिना शहाब ने पिछले कुछ लोकसभा चुनाव सीवान से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार के रूप में लड़े थे, उनके पति चार बार इस सीट से सांसद रहे थे। हालांकि इस बार उन्हें टिकट नहीं मिलने की आशंका है।

बिहार में एआईएमआईएम के एकमात्र विधायक और प्रदेश इकाई के प्रमुखअख्तरुल ईमान ने यहां यह घोषणा की। हिना शहाब ने पिछले कुछ लोकसभा चुनाव सीवान से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार के रूप में लड़े थे, उनके पति चार बार इस सीट से सांसद रहे थे। हालांकि इस बार उन्हें टिकट नहीं मिलने की आशंका है। ईमान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी के प्रति पूरी सहानुभूति रखते हैं। अगर वह निर्दलीय या समान विचारधारा वाली पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ना चुनती हैं, तो एआईएमआईएम उन्हें पूरा समर्थन देगी और यहां तक कि उनके प्रचार अभियान में भी मदद करेगी।'' यह पूछे जाने पर कि क्या एआईएमआईएम अध्यक्ष और हैदराबाद से मौजूदा सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी हिना शहाब के लिए प्रचार करने के लिए बिहार आएंगे, तो ईमान ने कहा, ''हम उनके बारे में नहीं कह सकते क्योंकि उनकी कई व्यस्तताएं हैं। लेकिन मैंने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारी पार्टी क्या करना चाहती है।'' ईमान ने यह भी कहा कि एआईएमआईएम ने अब राज्य में 15 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है जबकि उन्होंने हाल ही में बिहार में अपनी पार्टी के 11 सीटों पर चुनाव लडने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, ''हम कुछ और सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं। उदाहरण के लिए हमारे कार्यकर्ताओं ने मधुबनी से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया है। अगर हम ऐसा करने का फैसला करते हैं तो हम इस संबंध में घोषणा करेंगे।'' ईमान बिहार की एकमात्र मुस्लिम बहुल सीट किशनगंज से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे, जहां उन्हें पिछले आम चुनाव में लगभग तीन लाख वोट मिले थे।

# इंडिया गठबंधन आज दिल्ली में भाजपा मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेगा

नई दिल्ली ,29 मार्च (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनावी बांड मुद्दे के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेगा। इंडिया गठबंधन ने रविवार को घोषणा की थी कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में वह 31 मार्च को रामलीला मैदान में एक संयुक्त रैली आयोजित करेगा।

आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने कहा था, हम देश की मौजूदा स्थिति के विरोध में 31 मार्च को रामलीला मैदान में एक भव्य रैली का आयोजन करने जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता सक्रिय रूप से शामिल होंगे।

दिल्ली के मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज के साथ दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ राय ने कहा था, लोकतंत्र और राष्ट्र को आसन्न खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन से संबंधित सभी दल इस महासमर में एकजुट होंगे। वे राष्ट्र के हितों की रक्षा और लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए रैली करेंगे।

# आयकर विभाग का ताबड़तोड़ एक्शन, कांग्रेस के बाद इस पार्टी की भी बढ़ गई मुश्किलें

नई दिल्ली 29 मार्च (एजेन्सी)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) को आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है, जिसमें पिछले कुछ वर्षों के दौरान कर रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड का उपयोग करने के लिए 11 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि वाम दल कर अधिकारियों के नोटिस को चुनौती देने के लिए अपने वकीलों से परामर्श कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि आईटी विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाया में पार्टी द्वारा पुराने पैन कार्ड के उपयोग में विसंगतियों के लिए अधिकारियों को देय जुर्माना और ब्याज शामिल है। हम कानूनी सहायता मांग रहे हैं और अपने वकीलों से परामर्श कर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने पांच अलग–अलग वित्तीय वर्षों के टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान के नए नोटिस उसे जारी किए हैं लेकिन उसने भारतीय जनता पार्टी को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ रुपये का जुर्माना बनता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है। पार्टी को मामले में उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली है और वह जल्द ही उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। पार्टी ने भाजपा पर 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से पंगु बनाने और उसके खिलाफ कर अधिकारियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

# 8 महीने पहले हुए एनडीए में शामिल, प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ सीबीआई ने बंद कर दिया भ्रष्टाचार का केस

नई दिल्ली 29 मार्च (एजेन्सी)। एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय के बाद गठित नेशनल एविएशन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसीआईएल) द्वारा विमानों को पट्टे पर देने में कथित अनियमितताओं की जांच में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दायर की, क्योंकि किसी भी गलत काम का कोई सबूत नहीं था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पार्टी में विभाजन के बाद प्रतिद्वंद्वी भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के लगभग आठ महीने बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता प्रफुल्ल पटेल से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले को बंद कर दिया है। एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय के बाद गठित नेशनल एविएशन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसीआईएल) द्वारा विमानों को पट्टे पर देने में कथित अनियमितताओं की जांच में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दायर की, क्योंकि किसी भी गलत काम का कोई सबूत नहीं था। इस मामले में नेशनल एविएशन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसीआईएल) द्वारा विमानों को पट्टे पर देने में कथित अनियमितताएं शामिल हैं, जिसका गठन यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) युग के दौरान एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय के बाद किया गया था। 2017 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इन आरोपों की जांच का काम सौंपा गया था। एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि लोक सेवकों ने 15 महंगे विमानों के पट्टे लिए, जिसके लिए उनके पास पायलट भी तैयार नहीं थे, जिसके बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया। एफआईआर में आरोप लगाया गया कि एयर इंडिया को कम यात्री भार और महत्वपूर्ण नुकसान का सामना करने के बावजूद बड़ी संख्या में विमान पट्टे पर देने का निर्णय लिया गया। इसमें शामिल व्यक्तियों पर बेईमानी से काम करने और अज्ञात पक्षों के साथ साजिश रचने का आरोप लगाया गया, जिसके परिणामस्वरूप निजी कंपनियों को वित्तीय लाभ हुआ और सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। निजी पक्षों को फायदा पहुंचाने के लिए एयर इंडिया ने 2006 में पांच साल की अवधि के लिए चार बोइंग 777 को ड्राई लीज पर ले लिया, जबकि उसे अपने विमान की डिलीवरी जुलाई, 2007 से मिलनी थी। परिणामस्वरूप, 2007–09 की अवधि के दौरान 840 करोड़ रुपये के अनुमानित नुकसान के साथ पांच बोइंग 777 और पांच बोइंग 737 को जमीन पर बेकार रखा गया था।

# पोता होने की खुशी में दादा का बड़ा एलान किन्नरों को दिया 100 गज का प्लाट, कीमत जान हो जाएंगे हैरान

रेवाड़ी 29 मार्च (एजेन्सी)। रेवाड़ी की सत्ती कॉलोनी में नवजात के जन्म की बधाई लेने गए किन्नरों को खुशी में 100 गज का प्लॉट देने का एलान कर दिया। दरअसल, शमशेर सिंह के घर कुछ दिन पहले पोते का जन्म हुआ था। शमशेर सिंह पेशे से एक बड़े जमींदार हैं। शहर के आसपास उनकी पुश्तैनी जमीन बहुत पड़ी है। खुशियों के इसी क्रम में शुक्रवार को किन्नर सपना गुरु, हिना, कोमल शमशेर सिंह के घर पहुंचे। जिस तरह हर घर में किन्नर बधाई देने आते हैं, उसी तरह शमशेर के घर में भी किन्नर नाचने–गाने लगे। हरियाणा के लोगों को अक्सर बड़े दिल वाला कह कर संबोधित किया जाता है। ऐसा उदाहरण आज रेवाड़ी में देखने को मिला है। जहां पोता होने की खुशी में एक दादा ने किन्नरों को अपना एक प्लॉट उपहार में दे दिया। यह देख कर सब हैरान रह गए। कार्यक्रम करीब 10 मिनट तक चला और उसके बाद नवजात पोते की खुशी में दादा शमशेर सिंह ने 100 वर्ग गज का प्लॉट उपहार स्वरूप देने की घोषणा कर दी। उसके बाद शमशेर सिंह ने सबके बीच कहा कि वह एक प्लॉट किन्नरों के नाम कर देंगे। इसके बाद शमशेर सिंह ने किसी अन्य आवश्यकता के बारे में भी पूछा। जब शमशेर सिंह ने पूछा कि वह इस प्लॉट में क्या करेंगे, तो किन्नर ने कहा कि वह पशु रखेंगे। इस पर शमशेर सिंह ने कहा कि अगर भैंस भी चाहिए तो वह भी दे देंगे। बता दें कि किन्नरों को दिया गया यह प्लॉट शहर के झज्जर रोड पर इंदिरा कॉलोनी और रामसिंहपुरा के बीच है। इसकी मौजूदा कीमत 12 से 15 लाख रुपये के बीच है।

# मुख्तार अंसारी की क्राइम हिस्ट्री! अपराध की दुनिया से राजनीति में रखा कदम, कई राजनीतिक दलों से रहा पांच बार विधायक

लखनऊ 29 मार्च (ल0का0)। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में आतंक का पर्याय बने गैंगस्टर–नेता मुख्तार अंसारी की बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अंसारी की मृत्यु के साथ ही अपराध के एक युग और राजनीति के साथ उसके गठजोड़ के एक अध्याय का अंत हो गया। यह इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि अंसारी के खिलाफ हत्या से लेकर जबरन वसूली तक के 65 मामले दर्ज थे, फिर भी वह विभिन्न राजनीतिक दलों के टिकट पर पांच बार विधायक चुना गया। साल 1963 में एक प्रभावशाली परिवार में जन्मे अंसारी ने राज्य में पनप रहे सरकारी ठेका माफियाओं में खुद को और अपने गिरोह को स्थापित करने के लिए अपराध की दुनिया में प्रवेश किया। 2005 से जेल में बंद गैंगस्टर–राजनेता मुख्तार अंसारी को 65 से अधिक आपराधिक मामलों का सामना करना पड़ा, जिनमें से अधिकांश हत्या, जबरन वसूली और असामाजिक गतिविधियों के लिए थे, जो उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कई जिलों में दर्ज किए गए थे। उनमें से पच्चीस तब दायर किए गए जब वह जेल में था। गुरुवार को जब मऊ सदर से पांच बार के पूर्व विधायक 63 वर्षीय की मृत्यु हुई, तो उनके खिलाफ 21 मामले लंबित थे, जिससे पता चलता है कि वह किस हद तक कानूनी उलझनों में फंसे हुए थे। उन्हें उत्तर प्रदेश की विभिन्न अदालतों द्वारा आठ मामलों में दोषी ठहराया गया था। पहली सजा सितंबर 2022 में हुई, जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को पलट दिया और मुख्तार अंसारी को 19 साल पुराने मामले में सात साल की कैद की सजा सुनाई, जहां उन्हें धमकी देने और रिवॉल्वर तानने का दोषी पाया गया था। लखनऊ जिला जेलर जहां उन्हें 2003 में रखा गया था। अंसारी पर 37,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। नवीनतम मामला जिसमें मुख्तार अंसारी को दोषी ठहराया गया था, वह 1990 में हथियार लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जाली दस्तावेजों के उपयोग से संबंधित था। वाराणसी की एक अदालत ने इस महीने की शुरुआत में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मुख्तार अंसारी के खिलाफ प्रमुख मामलों में नवंबर 2005 में गाजीपुर जिले के भावरकोल क्षेत्र में हुई भाजपा विधायक कृष्णानंद राय और छह अन्य की हत्या शामिल थी। मुख्तार अंसारी पर उनके भाई अफजल और पांच अन्य लोगों के साथ मामला दर्ज किया गया था।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।